नैन तेरे कज़रारे हैं घूँघर वाले वाल

नैन तेरे कज़रारे हैं, घूँघर वाले वाल ।
रूप तुम्हारा देख के मोहन, हाल हुआ बेहाल ॥
अधर पर तेरी मुरली सोहे, राधा रानी साथ है...
वाह वाह क्या बात है, वाह वाह क्या बात है ॥

कितनी सोहनी कितनी प्यारी तेरी सूरत लगती है ।
धरती की सारी उपमाएँ तेरे आगे फ़ीकी हैं ॥
आओ कन्हैया अब तो आओ, फूलों की बरसात है...
वाह वाह क्या बात है, वाह वाह क्या बात है ॥

मोर मुकुट पितांबर सोहे गल वैजन्ती माला हैं ।
राधा रानी साथ विराजे मुख मोहन का निराला हैं ॥
ढोलक वाजे मँजीरा वाजे, नाचे सब मिल ताल हैं...
वाह वाह क्या बात है वाह वाह क्या बात है ॥

आज अनोख़ा अवसर आया खुशियों का त्योहार हैं ।
खुशबु उड़ उड़ करके देखो महक रहा दरबार हैं ॥
जितना चाहो उतना लूटो, बाबा का दरबार हैं...
वाह वाह क्या बात है वाह वाह क्या बात है ॥

रूप तुम्हारा देख के मोहन चाँद सितारे शरमाए ।
साँवरिया से मिलने देखो सभी देवता हैं आए ॥
भोले बाबा डमरू वजाएँ, ब्रह्मा विष्णु साथ हैं...
वाह वाह क्या बात है वाह वाह क्या बात है ॥

बोल बांके बिहारी लाल की... जय...

अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/35324/title/naiyan-tere-a-kajrare-hain-vah-vah-kya-baat-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |